अमर उजाला 04/10/2022

# पौष्टिक भोजन बना जरूरतमंदों में बांटा

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज छावनी में एनएसएस यूनिट ने पोषण माह के अंतर्गत वंद छको अभियान चलाया। इसमें स्वयंसेवकों ने खुद पौष्टिक भोजन बना कर जरूरतमंद लोगों को वितरित किया। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने बताया कि अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने तत्परता से भाग लिया। उन्होंने जरूरतमंद लोगों को स्वच्छ भोजन और स्वस्थ बने रहने के सूत्रों से अवगत करवाया।

कार्यक्रम के अधिकारी डॉ. अनीश ने बताया कि बांट कर खाना हमारी परंपरा है। हमारे गुरुओं ने भी समाजिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए बांट कर खाने को प्राथमिकता दी है। डॉ. धर्मवीर सैनी ने बताया कि पोषण माह के अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन बना कर कुष्ठ आश्रम में वितरित किया। विद्यार्थियों ने उन्हें स्वच्छ भोजन की गुणवत्ता के बारे में बताया। डॉ. सरोज ने बताया कि इस माह के अंतर्गत हमने विद्यार्थियों को इस बारे में सचेत किया कि अत्यधिक मीठा और तला हुआ खाने से स्वस्थ शरीर भी रोग को पकड़ने लगता है। उन्होंने कहा कि हमें रोज सुबह जल्दी उठकर व्यायाम करना चाहिए और तनाव मुक्त जीवन बिताना चाहिए।




रैली निकालतीं महिला एवं बाल विकास अधिकारी और स्कूली छात्राएं। संवाद